**तत्काल**

**छत्तीसगढ़ शासन**
**राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**मंत्रालय**
**महानदी भवन, नया रायपुर--492002**

क्रमांक एफ-1-33/2016/सात-4, नया रायपुर, दिनांक 10/08/2016.

प्रति,

समस्त कलेक्टर्स,
छत्तीसगढ़

विषयः- प्रदेश के पटवारियों को अपने हल्का मुख्यालय मे उपस्थिति सुनिश्चित करने बाबत् (विधान सभा अशासकीय संकल्प क्रमांक-03) ।

संदर्भः- इस विभाग समसंख्यक ज्ञापन दिनांक 04/04/2016 ।

******000000******

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित ज्ञापन का अवलोकन करें, जिसके द्वारा विधान सभा में सर्वसम्मति से स्वीकृत अशासकीय संकल्प क्रमांक-03 के अनुपालन में अपने जिले समस्त पटवारियों की हल्का मुख्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने संबंध में निर्देश जारी किये गये हैं ।

2/- शासन के ध्यान में यह बात आया है कि जिन स्थानों पर पटवारी कार्यालय बनाया गया है, वहां पटवारी नहीं रहते हैं, जो कि उचित नहीं है । अतः जिन स्थानों पर पटवारी कार्यालय बनाया गया है, वहां पटवारियों की अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित किया जावे, साथ ही पटवारियों को अपने मुख्यालय में अनिवार्य रूप से रहने हेतु निर्देश दिया जावे । इन निर्देशों का कठोरता से पालन सुनिश्चित किया जावे । जो पटवारी अपने मुख्यालय में नहीं रहते हैं, उनके विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही किया जावे ।

3/- पटवारियों के विरूद्ध मुख्यालय में नहीं रहने के संबंध में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई है तथा कितने पटवारियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है ? तत्संबंधी जानकारी तत्काल शासन को उपलब्ध कराया जावे ।

10/8/16

( रमेश शर्मा )
उप सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

पृ. क्रमांक एफ-1-33/2016/सात-4, नया रायपुर, दिनांक 10/08/2016.

प्रतिलिपि--

1. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधानसभा सचिवालय, रायपुर.
2. आयुक्त, भू-अभिलेख, इंद्रावती भवन, नया रायपुर छत्तीसगढ़
3. समस्त संभागायुक्त, छत्तीसगढ़

10/8/16

उप सचिव

छत्तीसगढ़ शासन

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

*****00000*****